बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई०ए०एस०संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

विज्ञापन सं.-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2023/13 दिनांक-07.12.2023 **bceceboard.bihar.gov.in**

डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2023

सरकारी / निजी क्षेत्र के पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) [PM] / पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) [PMM] पाठ्यक्रम समूहों में प्रवेश हेतु Online Mop-up Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के PM / PMM कोर्स ग्रुप मे सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि DCECE(PM / PMM)-2023 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से बिहार सरकार के विभिन्न सरकारी अस्पतालों एवं अन्य मान्यता प्राप्त सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के विभिन्न पारा मेडिकल [PM] (इंटरमीडिएट स्तरीय) तथा पारा मेडिकल [PMM] (माध्यमिक स्तरीय) पाठयक्रमों के प्रथम वर्ष में हुए सीट आवंटन तद्नुसार नामांकन के पश्चात् शेष रिक्तियों की पाठ्यक्रमवार/ संस्थानवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं। **इन रिक्त सीटों को भरने हेतु Online Mop-up Counselling होगा। Willingness / Fresh Registration-cum-choice filling / Online Mop-up Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Willingness / Registration एवं Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(DCECE)-2023/12 दिनांक 07.12.2023 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।**

जो अभ्यर्थी DCECE(PM / PMM)-2023 की प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से विभिन्न सरकारी अस्पतालों एवं अन्य मान्यता प्राप्त सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के विभिन्न पारा मेडिकल [PM] (इंटरमीडिएट स्तरीय) तथा पारा मेडिकल [PMM] (माध्यमिक स्तरीय) पाठयक्रमों में नामांकन ले चुके हैं **अथवा** जिनका प्रथम एवं द्वितीय चक्र की कॉउन्सेलिंग से सीट आवंटन नहीं हुआ है **अथवा** किसी कारण से उनका आवंटित सीट रद्द कर दिया गया है **अथवा** किसी कारण से अपने Reporting Centre पर जा कर Document Verification नहीं करा पाये हैं, वैसे सभी अभ्यर्थी भी Online Mop-up Counselling के लिए पात्रता-प्राप्त हैं।

Willingness / Registration एवं Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 11.12.2023 से प्रारम्भ होगा।

परीक्षा नियंत्रक